# राष्ट्रीय खान और खनिज सम्मेलन, 2018

### चर्चा में क्यों?

13 जुलाई, 2018 को खान मंत्रालय ने इंदौर, मध्य प्रदेश में चतुर्थ राष्ट्रीय खान और खनिज सम्मेलन का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन का पहला आयोजन वर्ष 2016 में रायपुर में, दूसरा आयोजन वर्ष 2017 में नई दिल्ली में तथा तीसरा सम्मलेन मार्च 2018 में आयोजित किया गया था।

### प्रमुख बिंदु

- इस सम्मेलन में पहली बार प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें उन खनिज ब्लाकों को प्रदर्शित किया गया जिनकी नीलामी राज्यों द्वारा वर्ष 2018-19 के दौरान की जानी है।
- अपनी तरह का यह प्रथम सम्मेलन राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के तीव्र गति के विकास तथा रोज़गार सृजन के लिये खनन सेक्टर को सक्षम बनाने में मंत्रालय के प्रयासों को मज़बूती प्रदान करेगा।
- यह सम्मेलन खनन क्षेत्र में सर्वोत्तम परिपाटियों को बढ़ावा देने तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु नीतिगत परिवेश को और बेहतर बनाने में सहयोग देगा जिससे जीडीपी में इस क्षेत्र के योगदान में वृद्धि होगी।

### 'एलुमीनियम: द फ्यूचर मेटल'

- इस सम्मेलन के दौरान नाल्को के सीएमडी डॉ. तपन कुमार चंद द्वारा लिखित पुस्तक 'एलुमीनियम: द फ्यूचर मेटल' (Aluminium –the future metal) का विमोचन किया गया।
- इस पुस्तक में एल्यूमीनियम धातु के बारे में व्यापक जानकारी दी गई है तथा देश की अर्थव्यवस्था व उद्योग में इस धातु की भूमिका का वर्णन किया गया है।
- डॉ. चंद द्वारा लिखित यह दूसरी पुस्तक है। इससे पहले, उन्होंने 'एलुमीनियम: द स्ट्रैटेजिक मेटल' (Aluminium : The Strategic Metal) नामक पुस्तक लिखी थी।

### ‘नमस्या’ (NAMASYA) ऐप

- नाल्को ने इस अवसर पर ‘नमस्या’ (NALCO Micro & Small enterprise Yogayog Application- NAMASYA) नामक मोबाइल एप भी लॉन्च किया।
- इस एप का विकास सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिये किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-to-put-over-100-mineral-blocks-in-next-round-of-auction